OFFICE OF ARTS & CULTURE
CITY OF SEATTLE

# सांस्कृतिक सुविधा फंड 2025 के दिशानिर्देश

## अनुदान अवलोकन

सांस्कृतिक सुविधा फंड सिएटल कला, सांस्कृतिक और विरासत संगठनों को उनकी सुविधा परियोजनाओं के लिए सहायता प्रदान करता है। हमारा लक्ष्य उन लोगों के लिए बेहतर पहुँच बनाना है जिन्हें संपत्ति के स्वामित्व, प्रबंधन या लीज़ से अनुचित रूप से वंचित रखा गया है।

**आवेदन, पात्रता या ऑनलाइन तकनीकी सहायता से संबंधित जानकारी और सहायता के लिए,** सांस्कृतिक सुविधा फंड परियोजना प्रबंधक से CulturalFacilitiesFund@seattle.gov पर या भागीदारी, शिक्षा और अनुदान प्रबंधक अशरफ़ हशम से 206-514-1057 पर संपर्क करें।

**हमारे पास दुभाषिए हैं जो आपकी भाषा में, जिसमें अमेरिकन साइन लैंग्वेज (वीडियो के माध्यम से) भी शामिल है, आपसे बात कर सकते हैं।** बस हमें फ़ोन करें और बताएँ कि आप कौन सी भाषा बोलते हैं। कॉल में दुभाषिए को जोड़ने में थोड़ा समय लग सकता है।

## आवेदन

ऑनलाइन आवेदन करें: https://seattle.fluxx.io/user_sessions/new

सांस्कृतिक सुविधा फंड और हमारे सेंटरिंग आर्ट एंड रेशियल इक्विटी प्रोग्राम, दोनों के लिए आवेदन करने में रुचि रखने वाले संगठन, इन दोनों अनुदानों के लिए एक ही ऑनलाइन आवेदन का उपयोग कर सकते हैं।

यदि आपके पास कंप्यूटर या इंटरनेट की सुविधा नहीं है, तो हमें बताएँ और हम आपके साथ मिलकर आपके लिए उपयोगी विकल्पों की तलाश करेंगे।

## आवेदन की अंतिम तारीख

**मंगलवार, 5 अगस्त 2025, शाम 5 बजे पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)**

कृपया अपना आवेदन पूरा करने के लिए पर्याप्त समय रखें। शाम 5 बजे (प्रशांत समय) के बाद किए गए आवेदन स्वीकार नहीं किए जाएँगे।

## पात्रता

- आपको सिएटल स्थित एक निगमित कला, सांस्कृतिक, विरासत या कला-सेवा संगठन होना चाहिए।
    - आप एक गैर-लाभकारी संगठन के रूप में निगमित हो सकते हैं या किसी गैर-लाभकारी संस्था द्वारा वित्तीय रूप से प्रायोजित हो सकते हैं।
    - आप एक लाभ कमाने वाले संगठन के रूप में निगमित हो सकते हैं, लेकिन आपके हाल ही में पूरे हुए वित्तीय वर्ष की कुल सालाना आमदनी $50,00,000 से ज़्यादा नहीं होनी चाहिए।
- आपको उन समुदायों का प्रतिनिधित्व करना चाहिए जो संरचनात्मक नस्लवाद और दमन से सबसे अधिक प्रभावित हैं, और/या एक अंतरविभागीय दृष्टिकोण से खुद को एक एंटी-रेसिस्ट (जाति-विरोधी) संगठन के रूप में प्रतिबद्ध दिखाना चाहिए।
- आपके पास सिएटल निवासियों को सार्वजनिक लाभ प्रदान करने का कम से कम तीन वर्ष का अनुभव होना चाहिए।
- आपको सिएटल में लगातार कला या सांस्कृतिक क्षेत्र में उपलब्धियों का रिकॉर्ड दिखाना ज़रूरी है।
- आपके पास फेडरल टैक्स ID नंबर, सिएटल सिटी का बिज़नेस लाइसेंस होना चाहिए, और आपका निवास सिएटल शहर में ही होना चाहिए।

साइट नियंत्रण:

- "प्री-कैपिटल" खर्चों, जैसे कि फ़िज़िबिलिटी स्टडीज़, आर्किटेक्चरल या इंजीनियरिंग सेवाएँ आदि के लिए, साइट नियंत्रण की आवश्यकता नहीं होती है।
- सुविधा सुधार, भवन नवीनीकरण और अन्य स्पष्ट रूप से पूंजीगत परियोजनाओं के लिए, आपको उस सुविधा पर स्वामित्व या लीज़ के माध्यम से नियंत्रण होना चाहिए (कम से कम पाँच वर्षों के लिए साइट नियंत्रण होना चाहिए, जो लीज़ की शेष अवधि और एकतरफा विस्तार विकल्प के संयोजन के रूप में हो सकता है)।

## अनुदान

आप सीधे परियोजना के खर्चों का समर्थन के लिए **$50,000 तक** की राशि का अनुरोध कर सकते हैं। दी जाने वाली राशि अनुरोध की गई राशि से कम हो सकती है। **आप दो टियर में से किसी एक टियर पर फंडिंग के लिए आवेदन कर सकते हैं।**

टियर एक के लिए $25,000 तक के आवेदनों पर विचार किया जाएगा। टियर दो के लिए, $25,000 से अधिक और $50,000 तक के आवेदनों पर विचार किया जाएगा। टियर दो आवेदकों को सांस्कृतिक सुविधा

फंड के लिए आवेदन करने से पहले यह प्रदर्शित करना होगा कि उनका कुल परियोजना बजट का कम से कम 50% आवेदन करने से पहले ही पक्का हो चुका है।

## सूचना वर्कशॉप

इस अनुदान के बारे में अधिक जानने तथा अपना सबसे अच्छा आवेदन करने के तरीके जानने के लिए एक वर्चुअल वर्कशॉप में हिस्सा लें। हर वर्कशॉप का पहला घंटा हमारे सेंटरिंग आर्ट एंड रेशियल इक्विटी अनुदान के लिए आवेदन करने पर केंद्रित होगा। यदि आप इस सांस्कृतिक सुविधा फंड अनुदान के बारे में जानने में भी रुचि रखते हैं, तो आपको पूरे 90 मिनट तक रुकने की योजना के साथ इसमें शामिल होना चाहिए।

**वर्कशॉप 1**

गुरुवार, 29 मई 2025 सुबह 10:30 बजे से दोपहर 12:00 बजे तक पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)

29/5 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 2 ASL इंटरप्रेटेशन उपलब्ध है**

सोमवार, 2 जून 2025 दोपहर 2:30 – 4:00 बजे तक पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)

2/6 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 3**

मंगलवार, 24 जून 2025, दोपहर 12:00 बजे – 1:30 बजे पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)

24/6 तक उपस्थिति की पुष्टि करें

**वर्कशॉप 4**

बुधवार, 9 जुलाई 2025, दोपहर 1:00 – 2:30 बजे पैसिफ़िक (प्रशांत क्षेत्र)

9/7 तक उपस्थिति की पुष्टि करें